# LOK SABHA

*Tuesday, December 9, 1969/Agrahayana 18, 1891 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[Mr. Speaker *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Recommendations of Survey Team for Development of a New Terminal at Delhi

+

*481. SHRI RAM KISHAN GUPTA :
SHRI SITARAM KESRI :
SHRI BAL RAJ MADHOK :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether a survey team has been appointed by his Ministry to consider the development of a new metre-gauge terminal at Delhi ;

(b) whether the team has submitted its report ; and

(c) if so, the main recommendations made therein ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI R. L. CHATURVEDI) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

**श्री सीताराम केसरी :** 23 अक्तूबर को रेलवे मिनिस्टर ने एक मीटिंग बुलाई, जिसमें यह फैसला किया गया कि चूंकि दिल्ली रेलवे स्टेशन और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक का कनजेस्चन हो जाता है, इसलिए यहां की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यहां पर एक नया मीटरगेज टर्मिनल बनाने के सम्बन्ध में एक सरवे कमेटी बनाई जायगी। इस प्राशय का समाचार प्रेस में भी आया था। मैं मन्त्री



महोदय से यह जानना चाहता हूँ कि क्या वह कमेटी बनी है या नहीं ; यदि नहीं, तो क्या उस कमेटी का गठन सरकार के विचाराधीन है।

**श्री रोहन लाल चतुर्वेदी :** यह सही है कि डा० राम सुभग सिंह ने एक मीटिंग बुलाई थी, जिसमें इस प्रश्न पर विचार किया गया था कि चूंकि दिल्ली की रेलवे ट्रैफिक की समस्या जटिल होती जा रही है, इसलिये इस बारे में कुछ न कुछ विचार किया जाना चाहिए। उस सिलसिले में कुछ विचार रेलवेज ने दिये। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रस्तावों की जाँच करने का निर्णय किया गया है :

> Expansion of the passenger station at Delhi Junction by providing an extra metre gauge platform and thus making it possible to deal with three more metre gauge trains.
>
> On the assumption that the goods shed can be shifted from its present location, three broad gauge passenger platforms at Delhi junction to be extended so as to take 18-coach trains.

इसके अलावा मैट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट टीम पहले से ही इस बारे में विचार कर रही है। जब उसकी रिपोर्ट आ जायेगी, तो रेलवेज की प्रोपोजल्ज को कार्यान्वित किया जायेगा, या इस सिलसिले में और जो कुछ भी करने की आवश्यकता होगी, वह किया जायेगा।

**श्री सीताराम केसरी :** दिल्ली देश की राजधानी है। जैसा कि मन्त्री महोदय ने खुद कहा है, दिल्ली रेलवे स्टेशन और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक की बहुत भीड़ हो जाती है। मैं मन्त्री महोदय से यह जानना

चाहता हूँ कि क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसी योजना है कि दिल्ली के आस-पास के सौ मील के रेडियस से जो पैसेंजर यहां आते हैं, उनके लिये एक अलग स्टेशन बना दिया जाये, ताकि मैन दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कनजेस्चन कम हो।

**श्री रोहन लाल चतुर्वेदी** : मैंने पहले ही अर्ज किया है कि प्लानिंग कमीशन की तरफ से मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट टीम इस मामले पर विचार कर रही है। उसने अन्य बड़े शहरों के बारे में विचार किया है और अब वह दिल्ली के बारे में भी विचार कर रही है। जैसे ही उसकी रिपोर्ट आयेगी, हम इस सम्पूर्ण समस्या पर विचार करेंगे और आवश्यकतानुसार कार्यवाही करेंगे।

**श्री बलराज मधोक** : अध्यक्ष महोदय, मैं अपना प्रश्न पूछने से पहले आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि मन्त्री महोदय ने इस प्रश्न के उत्तर में लिखित उत्तर में तो केवल यह कह दिया कि "नो, सर" और 'डु नाट एराइज"। उन्होंने पूरक प्रश्नों के उत्तर में जो सूचना दी है, क्या वह उसको लिखित उत्तर में नहीं दे सकते थे? 23 अक्तूबर की मीटिंग में जो फैसला किया गया, उसके आधार पर यह प्रश्न दिया गया था। लिखित उत्तर में उन्होंने "नो, सर" और "डु नाट एराइज" कह दिया और बाद में सब बातें बताईं। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि आप मन्त्रियों को यह आदेश दें कि वे प्रश्नों के उत्तर ठीक ढंग से दिया करें और उनको टालने की कोशिश न करें।

दिल्ली बहुत तेजी से बढ़ी है और अब दिल्ली का केन्द्र नई दिल्ली का रेलवे स्टेशन बन गया है, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन नहीं रहा है। इसलिए ब्राडगेज की बहुत सी ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलनी शुरू हो गई हैं। दिल्ली मीटरगेज के द्वारा कांडला, पूना, बम्बई और बंगलौर के साथ कनेक्टिड हो गया है। क्या मीटरगेज की लाइन को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक एक्सटेंड कर दिया जायेगा, ताकि वहाँ से मीटरगेज की कुछ ट्रेनें चल सकें? मीटरगेज लाइन नजफ़गढ़ के इलाके से होकर गुजरती है, जोकि पांच-छः लाख की घनी आबादी का क्षेत्र हैं। क्या सरकार पटेल नगर या कीर्तीनगर में कोई मीटरगेज का स्टेशन बनाने की व्यवस्था करेगी ताकि वहाँ पर मीटरगेज की गाड़ियां रुकें और वहां के लोग उनसे फायदा उठा सकें?

**श्री रोहन लाल चतुर्वेदी** : जैसा कि मैंने कहा हैं, हम लोग मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट टीम की रिपोर्ट का इन्तजार कर रहे हैं, जो कि प्लानिंग कमीशन के मातहत बनाई गई है। उस टीम के द्वारा कलकत्ता, बम्बई और दिल्ली आदि की समस्या के बारे में विचार हो रहा है और इसमें काफी प्रगति हुई है। जैसे ही उसके रिपोर्ट आयेगी, हम जरूर कार्यवाही करेंगे, जैसा कि माननीय सदस्य और हम लोग चाहते हैं। इस बारे में उस टीम की रिपोर्ट के आने तक भी कुछ न कुछ करना है। जैसा कि मैंने अभी बताया है, हम एक एकस्ट्रा मीटरगेज प्लेटफार्म की फीजिबिलिटी को एग्जामिन कर रहे हैं ताकि वह प्लेटफार्म बन जाये और वह तीन ट्रेन्ज़ को रिसीव कर सके।

**श्री बलराज मधोक** : क्या पटेलनगर या कीर्तिनगर में कोई मीटरगेज स्टेशन बनाया जायेगा?

**श्री रोहन लाल चतुर्वेदी** : यह अभी विचाराधीन नहीं हैं।

**Corruption and Mismanagement in Poor Houses/Children's Homes/Seva Kitchens Under Delhi Administration**

*482. SHRI INDRAJIT GUPTA : Will the Minister of LAW AND SOCIAL WELFARE be plaased to state :

(a) whether several instances of corruption and mismanagement in Poor Houses,